प्रेस विज्ञप्ति

14 जुलाई, 2017

रणदीप सिंह सुरजेवाला, विधायक एवं मीडिया प्रभारी, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने निम्नलिखित बयान जारी किया :–

"भारत–चीन–भूटान सीमा पर तनावपूर्ण स्थिति व विपक्ष की बैठक"

पिछले तीन वर्षों से, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने लगातार यह मांग उठाई है कि भारत सरकार को राष्ट्र से जुड़े सभी मुद्दों पर विपक्ष को विश्वास में लेना चाहिए। हमने यह मांग 30 जून, 2017 की पत्रकार वार्ता में फिर दोहराई थी, क्योंकि भारत–चीन–भूटान सीमा पर लगातार तनावपूर्ण स्थिति बनी है, जिससे राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर गंभीर परिस्थितियां निर्मित होती हैं।

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने लगातार दोहराया है कि देश की सुरक्षा के हर विषय पर हम सब एक हैं। राष्ट्रहित, सामरिक महत्व व देश की सुरक्षा के हर मुद्दे पर हम सरकार के साथ हैं। यूपीए के 10 साल के शासन में, कांग्रेस पार्टी ने हमेशा यह सुनिश्चित किया कि ऐसे हर विषय पर सभी विपक्षी नेताओं को विश्वास में लिया जाए। तीन वर्ष में पहली बार सरकार जागी है और उन्होंने सीमा पर मौजूदा तनावपूर्ण स्थिति को लेकर आज विपक्षी दलों को बैठक के लिए बुलाया है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रतिनिधि सरकार द्वारा बुलाई इस बैठक में जाएंगे। हम भाजपा सरकार को कहेंगे कि वे पूरी जानकारी साझा करें तथा सीमा पर बने हालात और उसके कारणों के बारे में संपूर्ण विवरण दें व स्थिति से अवगत कराएं। हम सरकार को यह भी कहेंगे कि वो बताएं कि इस पूरी स्थिति का सीमा की रक्षा, सामरिक हितों व राष्ट्रीय सुरक्षा पर क्या प्रभाव पड़ेगा तथा सरकार ने राष्ट्रहित में क्या कदम उठाए हैं। अगर जरुरत पड़ी तो मीटिंग के बाद कांग्रेस नेता इस पर और व्यापक टिप्पणी देंगे।